बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

Corporate Communications & Investor Relations
Head Office: LOKMANGAL, SHIVAJINAGAR, PUNE-5
TELE: 020-25614495, 25614366, 25514501

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक: 19 जुलाई, 2023

30 जून 2023 को समाप्त तिमाही के लिए वित्तीय परिणाम

परिणाम एक दृष्टि में

जून 2022 को समाप्त तिमाही की तुलना में जून 2023 को समाप्त तिमाही

- कुल व्यवसाय 24.84 % की वृद्धि के साथ ₹ 420,041 करोड़
- कुल जमाराशियां 24.73% से बढ़कर ₹244,365 करोड़
- कासा कुल जमाराशि के 50.97% के स्तर पर रहा
- सकल अग्रिम 24.98% की वृद्धि के साथ ₹175,676 करोड़
- ऋण-जमा (सीडी) अनुपात बढ़कर 71.89%
- 30.06.2023 को सकल एनपीए घटकर 2.28%
- 30.06.2023 को निवल एनपीए घटकर 0.24%
- प्रावधान कवरेज अनुपात सुधरकर 98.37%
- निवल लाभ 95.19% से बढ़कर ₹ 882 करोड़
- परिचालन लाभ 55.04% से बढ़कर ₹1,863 करोड़
- निवल ब्याज आय 38.80% से बढ़कर ₹2,340 करोड़
- 30.06.2023 को निवल ब्याज मार्जिन (एनआईएम) सुधरकर 3.86%
- अन्य आय 98.47% से बढ़कर ₹ 629 करोड़
- लागत से आय अनुपात सुधरकर 37.23 %
- आस्तियों पर आय (आरओए) सुधरकर 1.33%
- इक्विटी पर आय (आरओई) सुधरकर 23.73 %
- सीआरएआर सुधरकर 18.07% रहा, जिसमें 14.36% टीयर-I है।

लाभप्रदता

- निवल लाभ वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही के ₹452 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 95.19% बढ़कर वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही में ₹882 करोड़ हो गया।
- परिचालन लाभ वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही के ₹1,202 करोड़ की तुलना में बढ़कर वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए ₹1,863 करोड़ रहा।
- निवल ब्याज आय (एनआईआई) वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही के ₹1,686 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 38.80% बढ़कर वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही में ₹2,340 करोड़ हो गई।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

Corporate Communications & Investor Relations
Head Office: LOKMANGAL, SHIVAJINAGAR, PUNE-5
TELE: 020-25614495, 25614366, 25514501

- शुल्क आधारित आय वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 16.63 % बढ़कर ₹ 328 करोड़ रही।
- गैर-ब्याज आय वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही के ₹ 317 करोड़ की तुलना में बढ़कर वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही में ₹ 629 करोड़ रही।
- लागत से आय अनुपात वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही के 39.99% की तुलना में सुधरकर वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए 37.23 % रहा।
- आस्तियों पर आय (आरओए) वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही के 0.81 % की तुलना में सुधरकर वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए 1.33 % हो गई।
- इक्विटी पर आय (आरओई) भी वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही के 16.75 % की तुलना में सुधरकर वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए 23.73% हो गई।

अग्रिम

- सकल अग्रिम वित्तीय वर्ष 23 की पहली तिमाही के ₹ 140,561 करोड़ की तुलना में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 24.98% बढ़कर वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए ₹ 175,676 करोड़ रहे।
- आरएएम (रिटेल, कृषि एवं एमएसएमई) व्यवसाय सकल अग्रिम का 58.25% रहा। रिटेल अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 24.46% की वृद्धि के साथ ₹ 44,952 करोड़ रहे। एमएसएमई अग्रिम वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 29.16% की वृद्धि के साथ ₹ 33,740 करोड़ रहे।

पूंजी पर्याप्तता:

- वित्तीय वर्ष 24 की पहली तिमाही के लिए 14.36% के कॉमन इक्विटी टीयर 1 अनुपात के साथ कुल बेसल III पूंजी पर्याप्तता अनुपात सुधरकर 18.07% रहा।

आस्ति गुणवत्ता:

- सकल एनपीए 30.06.2022 के 3.74 % की तुलना में 30.06.2023 को घटकर 2.28% रहा। 31.03.2023 को यह 2.47% था।
- निवल एनपीए 30.06.2022 के 0.88 % की तुलना में 30.06.2023 को घटकर 0.24% रहा। 31.03.2023 को यह 0.25 % था।
- प्रावधान कवरेज अनुपात 30.06.2022 के 95.04 % की तुलना में 30.06.2023 को सुधरकर 98.37% रहा। 31.03.2023 को यह 98.28 % था।

शीर्ष व्यवसाय (₹ करोड़ में)

विवरण	को		वृद्धि (%)
	जून 22	जून 23	वर्ष-दर-वर्ष
कुल व्यवसाय	336,470	420,041	24.84
जमाराशियां	195,909	244,365	24.73
जिनमें से कासा	*109,857*	*124,547*	13.37
कुल जमाराशियों में कासा अंश (%)	*56.08*	*50.97*	-
सकल अग्रिम	140,561	175,676	24.98

लाभप्रदता (₹ करोड़ में)

विवरण	समाप्त तिमाही			परिवर्तन (%)
	जून 22	मार्च 23	जून 23	वर्ष-दर-वर्ष
कुल आय	3,774	5,317	5,417	43.53
कुल व्यय	2,573	3,462	3,554	38.16
परिचालन लाभ	1,202	1,855	1,863	55.04
कर के अतिरिक्त प्रावधान और आकस्मिकताएं	548	945	776	41.52

कर पूर्व लाभ	653	911	1,087	66.39
कर व्यय	201	71	205	1.78
निवल लाभ	452	840	882	95.19

तुलन पत्र

(₹ करोड़ में)

देयताएं	को	
	जून 22	जून 23
पूंजी	6,731	7,081
आरक्षतियां व अधिशेष	7,606	10,411
जमाराशियां	195,909	244,365
उधारियां	19,316	6,618
अन्य देयताएं व प्रावधान	5,493	6,278
कुल	**235,056**	**274,754**
आस्तियां		
भारतीय रिजर्व बैंक के पास नकद व शेष	13,761	21,172
अल्प सूचना व मांग पर राशि तथा बैंकों के पास शेष	294	566
निवेश	73,823	72,035
अग्रिम (निवल)	136,496	172,083
स्थिर आस्तियां	2,193	2,143
अन्य आस्तियां	8,488	6,754
कुल	**235,056**	**274,754**

निवेशकों के लिए एक प्रस्तुतिकरण बैंक की बेवसाइट www.bankofmaharashtra.in पर अलग से दिया जा रहा है।